दिनांक 12 सितम्बर 2017 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग तृतीय में प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय करियर काउन्सलिंग सेमिनार आयोजित किया गया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी की प्रेरणा से विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु अनेक कार्यक्रम आयोजित कराये जाते हैं। इसी श्रृंखला में यह सेमिनार आयोजित किया गया। प्रबंधन विभागाध्यक्षा डॉ० शिल्पा गोयल और वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ० प्रवीन गुप्ता के मार्गदर्शन में पाथमेकर एकेडमिक से श्री दिग्विजय दुबे ने विद्यार्थियों को स्नातक के बाद कोर्सेस एवं कॉम्पिटिशन एग्जाम्स जैसे एस० एस० सी०, बैंक पी० ओ०, सी० जी० एल० आदि के बारे में जानकारियां दीं। प्रबंधन विभाग की प्रवक्ता डॉली एवं तृप्ति के सहयोग से इस संस्था से श्री दुबे जी ने सर्वप्रथम प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दीं और विद्यार्थियों से फीडबैक फॉर्म भरवाए। इस सेमिनार से विद्यार्थी लाभान्वित हुए।